आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :415 पृष्ठ -4 दिनांक 02 मार्च 2025 दिन रविवार

# 73 साल का रिकॉर्ड टूटा, पूरे यूपी में आंधी और तेज बारिश की चेतावनी

## उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश का अलर्ट है. सुबह से ही नोएडा, गाजियाबाद समेत कई जिलों में बारिश देखने को मिली

उत्तर प्रदेश में इन मौसम में जबरदस्त उलटफेर देखने को मिल रहा है. पिछले 24 घंटों से प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है. शनिवार सुबह भी नोएडा–गाजियाबाद व आसपास के इलाक. ों में बारिश हुई, जिससे मौसम एकदम कूल–कूल हो गया है. जबकि पिछले कुछ दिनों से फरवरी के महीने में ही पारा हाई होने लगा था. मार्च के पहले दिन जहां बारिश ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी तो वहीं इस बार 28 फरवरी को 73 सालों में सबसे गर्म रात रिकॉर्ड की गई.पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी के कई जिलों में आज सुबह झमाझम बारिश देखने को मिली, जिसकी वजह से मौसम में ठंडक बढ़ गई. मौसम विभाग के मुताबिक कई जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की भी संभावना बनी हुई है. अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे 2–3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है हालांकि इसके बाद तापमान फिर से बढ़ने लगेगा. इन जिलों में बारिश का अलर्ट यूपी में आज मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, हरदोई में कई जगहों पर तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है तो



वहीं आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, बदायूं, रामपुर, संभल, अमरोहा, बि. जनौर, मेरठ, हापुड़, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फनगर, बागपत, सहारनपुर, शामली व आसपास के इलाकों में आज बारिश होगी. यूपी में 73 साल का रिकॉर्ड टूटा एक तरफ जहां शनिवार को बारिश की वजह से ठंडक बढ़ गई है तो वहीं फरवरी में जाते–जाते गर्मी का एक रिकॉर्ड बन गया. 28 फरवरी की रात लखनऊ में 1952 के बाद से अब तक सातवीं बार सबसे गर्म रात दर्ज की गई. यानी शुक्रवार की रात न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो फरवरी महीने में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान रहा. इससे पहले छह बार फरवरी महीने में इतना तापमान देखने को मिला कि न्यूनतमताममान 15 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया. मौसम विभाग के मुताबिक इस बार गर्मी जल्दी हो जाएंगी, मार्च महीने में ही हीट वेव दस्तक दे सकती है. जिससे प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ेगी. जनवरी में इस बार सामान्य से 88 प्रतिशत कम बा. रिश हुई, जिसकी वजह से फरवरी में गर्मी बढ़ रही है. इस बार गर्मी भी नया रिकॉर्ड बनाएगी. मई महीने से ही गर्मी परेशान करने लगेगी. इस बार दिन का तापमान 50 डिग्री के पार जा सकता है.

## मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड से बच्चा चोरी, गोंडा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया बरामद

गोंडा जिले की नगर कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर 3 वर्षीय मासूम अभिनव को बरामद कर लिया है. बीते 27 फरवरी को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड से पीएम रसिया अभिनव संदीप परिस्थितियों में गायब हो गया था. जब पूरी घटना की जानकारी महिला को हुई तो मेडिकल विभाग और पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज सिंहल तो उसमें एक युवक बच्चों को अपने गोद में लेकर खड़ा हुआ था. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसओजी और नगर पुलिस ने बच्चों को बरामद कर आरोपी की तलाश में जुट गई है.नगर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा हजारों सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद केशवपुर पहड़वा गांव पहुंची. जहां एक कमरे से 3 वर्षीय अभिनव को बरामद किया है. वही तीन वर्षीय मासूम बच्चे को ले जाने वाले आरोपी की तलाश में नगर कोतवाली पुलिस एसओजी और सर्विलांस समेत कई पुलिस टीम में लगी हुई है. आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस टीम में कर रही है. अपने 3 वर्षीय मासूम बच्चे को देख मां राधिका खुश नजर आई.क्या बोली पुलिस वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली राधिका अपने 3 वर्षीय बेटे अभिनव को लेकर कल देर शाम मेडिकल कॉलेज आई हुई थी. वह अपने एक रिश्तेदार को देखने इमरजेंसी वार्ड में गई हुई थी. जहां पर रिश्तेदार को देखने के दौरान पास में खड़े एक युवक को अपने बेटे को संभालने के लिए दे दिया था. लेकिन जब वह रिश्तेदार को देखकर वापस घर जाने को अपने बेटे को ढूंढने लगी तो उनका बेटा वहां पर नहीं मिला. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मामले में कार्रवाई करते हुए मासूम को बरामद करने के निर्देश दिए थे.ेच पूर्वी मनोहर रावत ने बताया कि कल दिनांक 27 फरवरी 2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि जिला अस्पताल गोंडा से 3वर्षीय बालक को एक अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया. इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस और उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. एसपी के निर्देशन में बच्चे की बारामदगी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था. इसी क्रम में आज जनपद गोंडा पुलिस ने गायब बच्चे को बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है.

## यूपी की इस बड़ी समस्या पर सीएम योगी की नजर, स्थायी समाधान के लिए अफसरों को दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश में बारिश के मौसम में बाढ़ की समस्या को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसके स्थायी समाधान के निर्देश दिए हैं. इसके तहत नदी की स्थानीय परिस्थितियों के अध्ययन किया जाएगा. शुक्रवार को बाढ़ संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जहां कहीं नदी के मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चौनलाइज किया जाए. यदि ड्रेजिंग से समाधान होना संभव न हो, तब ही तटबंध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाये. शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन–जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवे. दनशीलध्संवेदनशील जिलों, पूर्ण और लंबित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की. सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी नदियों के ड्रोन सर्वेक्षण कर स्थानीय परिस्थितियों के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त कर ली जाए.

## गाजियाबादः महिला ने दर्ज कराया अपने पति और उसके दोस्तों पर गैंगरेप, जलाने और मारपीट झूठा केस

गाजियाबाद की थाना कवि नगर पुलिस ने एक ऐसी महिला को गिरफ्तार किया है जिसने पहले अपने पति फिर उसके दोस्तों पर गैंगरेप, जलाने और मारपीट करने जैसे संगीन मुकदमे दर्ज कराए थे. पुलिस के मुताबिक महिला ने अब तक तीन मुकदमे दर्ज कराए हैं. कई बार मुकदमा दर्ज करवाने के बाद वह अपने बयानों से पलटी है. हाल फिलहाल में दर्ज कराए मुकदमे की जांच में पुलिस ने आरोपो को फर्जी पाया है. इसीलिए पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है.गाजियाबाद में डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना कवि नगर पुलिस ने ज्योति सागर नाम की महिला को गिरफ्तार किया है. महिला ने अपने पति के खिलाफ जून 2024 में मुकदमा दर्ज करवाया था. जिसमें उसने आरोप लगाया था कि शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया. साथ ही गर्भ में पले बच्चे की मौत मारपीट के दौरान हो गई थी. इस मामले में जब महिला के बयान कोर्ट में हुए तो इन सभी आरोपों से पलट गई थी. सिगरेट से जलाने और गैंगरेप का लगाया था आरा. `पपुलिस के मुताबिक इसके बाद अगस्त 2024 में महिला ने फिर एक मुकदमा दर्ज करवाया जिसमें उसने अपने पति विकास त्यागी के जीजा विक्रांत त्यागी और दीपक चौहान पर धमका कर बयान बदलने का आरोप लगाया. शिकायत देने के चार दिन बाद महिला ने दोबारा प्रार्थना पत्र दिया कि कार्रवाई न करने की अपील की.इसके बाद 23 जनवरी 2025 को दोबारा महिला ने पुलिस कमिश्नर को एक पत्र दिया जिसमें अपने पति विकास त्यागी का शादी का आश्वासन देकर मुकर जाना जाति सूचक शब्द कहना तथा उसके दोस्त वैभव चौहान पर आरोप लगाया कि उसने हथियार के दम पर उसे झूठे बयान करवाएं और लेटर लिखवाया. इसके बाद महिला ने आरोप लगाया कि 17 जनवरी 2025 को विकास त्यागी ने महिला के साथ मारपीट की सिगरेट से जलाने का प्रयास किया और अपने दोस्तों के साथ गैंगरेप किया.मेडिकल टेस्ट में नहीं हुई रेप की पुष्टिपुलिस ने जब मोबाइल कॉल डिटेल और सीसीटीवी देखें तो पता चला कि महिला के आरोप झूठे है. महिला ने खुद केमिकल लगाकर जलन जैसी चोट दिखाने का प्रयास किया था. साथ ही मेडिकल में रेप के आरोप की पुष्टि नहीं हुई. इसीलिए महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेजा जा रहा है. पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला विकास त्यागी के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहती थी. फिलहाल महिला विकास त्यागी के फ्लैट में ही रह रही है. पुलिस के मुता. बिक आशंका है कि फ्लैट कब्जाने के लिए वह इस तरह के झूठे आरोप लगाती है.

## महाकुंभ में स्नान नहीं कर पाए तो परेशान न हों, सरकार दे रही दोबारा पुण्य कमाने का मौका

प्रयागराज महाकुंभ में इतिहास रचते हुए 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई. इस पुण्य त्रिवेणी के जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार प्रदेश में किसी वजह से महाकुंभ न पहुंच सके ला. `गों के लिए भी त्रिवेणी के जल से पुण्य स्नान का नायाब अवसर दे रही है. योगी सरकार ने निर्देश पर अग्नि शमन एवं आपात सेवा विभाग ने इसकी जिम्मेदारी संभाली है.प्रयागराज महाकुंभ का पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए देश और दुनिया भर से 66 करोड़ 33 लाख लोग त्रिवेणी के तट पर महाकुंभ में पहुंचे. इसके अलावा जेल में बंद बंदियों की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए भी पहली बार किसी सरकार ने उन्हें जेल के अंदर ही त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान का मौका दिया. प्रदेश की जेलों में बंद 90 हजार से अधिक कैदियों और बंदियों को इसका अवसर प्रदान करने की नायाब पहल के बाद प्रदेश में महाकुंभ आने से वंचित रह गए लोगों के लिए भी सरकार ने पुण्य अर्जित करने का अवसर दिया है. त्रिवेणी के जल की घर–घर होगी डिलीवरी इसकी शुरुआत शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में अगि. नशमन एवं आपात सेवा विभाग की तरफ से हुई है. महाकुंभ के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना की शासन के निर्देश पर प्रदेश के 75 जिलों से महा कुम्भ आई दमकल का पानी खाली कराकर संगम के पवित्र जल को इनमें भरकर संगम से सभी जिलों के लिए रवाना कर दिया गया है. इस पुण्य जल से महा कुम्भ आने से वंचित रह गए लोग स्नान कर सकेंगे. यूपी के अग्निशमन तथा आपात सेवा ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आज से संगम का जल पहुंचाने की नायाब पहल की है. सीएम योगी ने गुरुवार को प्रयागराज पहुंचने पर निर्देश दिए थे कि जो लोग किन्हीं कारणों से महाकुंभ में स्नान करने नहीं आ पाए हैं, उनके लिए सरकार संगम का जल भिजवाएगी. मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अगि. नशमन तथा आपात सेवा ने संगम का जल दमकल में भरकर सभी जनपद के लिए रवाना कर दिया है. महाकुंभ के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि महाकुंभ में 300 से अधिक दमकल प्रदेश के विभिन्न जिलों से मंगाई गई थी. इन सभी की जल धारण क्षमता अलग अलग है, लेकिन लगभग 5000 लीटर पानी एक दमकल में आता है. ऐसे में 5 लाख लीटर से अधिक संगम का जल इन दमकलों के माध्यम से यहां से भेजा जा रहा है. विभिन्न जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कर जिला प्रशासन इसे महाकुंभ आने से वंचित रह गए लोगों तक उपलब्ध कराएगा.

## चमोली एवलांच में फंसनेवाले 46 मजूदर निकाले बाहर,4 श्रमिकों की मौत

भारत–चीन सीमा पर स्थित उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली में शुक्रवार (28 फरवरी) को आए भीषण एवलांच ने कई मजदूरों की जान खतरे में डाल दी. यह हादसा माणा के पास हुआ, जहां निर्माण कार्य में लगे श्रमिक बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए. प्रशासन और बचाव दल की टीमों ने तुरंत राहत अभियान शुरू कर दिया. रेस्क्यू टीमों ने अब तक 46 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है, जबकि चार श्रमिकों की मौत हो गई है. अभी भी पांच मजदूर लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. एवलांच को देखते हुए प्रशासन ने गौचर हवाई पट्टी को अलर्ट मोड पर रखा है. बचाव और राहत कार्य के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड और अन्य टीमें वहां तैनात हैं. एसडीएम संतोष कुमार पांडे खुद राहत अभियान की निगरानी कर रहे हैं.

भारतीय सेना, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल SDRF और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (प्ज्ठच) की टीमें लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं. चमोली जिले में मौसम खराब होने और भारी बर्फबारी की संभावना के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में चुनौतियां आ रही हैं. खराब मौसम के बा. वजूद जवान पूरी मुस्तैदी से राहत कार्यों में लगे हुए हैं.पीआरओ डिफेंस, देहरादून के लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक चार श्रमिकों के शव बरामद किए गए हैं. बचाव दल लापता पांच अन्य मजदूरों की तलाश में जुटा हुआ है.मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटे के भीतर बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है. चमोली जिले में एवलांच का खतरा अभी भी बना हुआ है, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं. इस बीच प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है और ऊंचाई वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, माणा के पास ऊंचाई वाले इलाके में भारी हिमपात के कारण एवलांच हुआ, जिसकी चपेट में निर्माण कार्य में लगे श्रमिक आ गए. प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं. इस हादसे ने इलाके में दहशत फैला दी है और श्रमिकों के परिजन अपने प्रियजनों के सुरक्षित होने की प्रार्थना कर रहे हैं.

बर्फ की मोटी परत बनी रोड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे एक अधिकारी ने बताया कि बर्फीले इलाके में मजदूरों तक पहुंचना आसान नहीं है. बर्फ की मोटी परत के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है. इसके अलावा, मौसम की मार भी बचाव कार्यों में बाधा डाल रही है.राहत और बचाव दल लापता मजदूरों को खोजने के लिए लगातार काम कर रहे हैं. सेना और एसडीआरएफ की टीमें बर्फ हटाने के लिए विशेष उपकरणों का मदद ले रही हैं. उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही लापता श्रमिकों को भी सुरक्षित निकाल लिया जाएगा.

## महोबाः पति–पत्नी के बीच बिस्तर पर आई नागिन और फिर हुआ कुछ ऐसा की चीख पड़ा पूरा परिवार

महोबा में एक नागिन ने हंसते खेलते परिवार में मातम पसार दिया. बिस्तर पर सो रहे पति–पत्नी के बीच अचानक आई नागिन ने पत्नी को डस कर उसकी जान ले ली. सुबह तड़के जब पति की आंख खुली तो पास में नागिन और पत्नी को तड़पता देख उसके होश उड़ गए. वह समझ नहीं पाया कि आखिरकार नागिन ने उसकी ही पत्नी को क्यों काटा. पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. 28 वर्षीय महिला की मौत से उसके परिवार में को. हराम मचा है. जबकि उसके परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है. हैरत में डालने वाला यह मामला सदर तहसील के टीक. ामऊ गांव का है. जहां रहने वाला प्रमोद अपनी 28 वर्षीय पत्नी पुष्पा के साथ हंसी खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन बीती रात उसकी जिंदगी में एक नागिन के दखल से परिवार की खुशियां तहस–नहस हो गई. प्रमोद बताता है कि रात के समय भोजन करने के उपरांत सभी लोग अपने–अपने बिस्तर पर सो रहे थे. वह भी अपनी पत्नी पुष्पा के साथ बिस्तर पर सो रहा था. इसी बीच पता नहीं कब और कैसे एक नागिन उनके बिस्तर में आ गई. पति–पत्नी के दरमियान नागिन रात भर रही और सुबह भोर अचानक पत्नी चीख पड़ी पति की आंख खुली तो पास में ही फन फैलाए नागिन बैठी हुई थी.नागिन के काटने से बेचैन पत्नी को तड़पता देख पति तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां सुबह 4 से 8 बजे तक इलाज के बाद पुष्पा ने दम तोड़ दिया. चार घंटे तक इलाज के बाद आखिरकार पत्नी की मौत हो गई. पति प्रमोद बताता है कि यह बात उसकी समझ से परे है कि आखिरकार उसके बंद कमरे में नागिनकैसे पहुंची और आखिर क्यों सिर्फ उसकी पत्नी को ही काटा जबकि बिस्तर में वो भी अपनी पत्नी के साथ सो रहा था. बहरहाल अनसुलझे के सवालों के बीच महिला की मौत से पति और परिवार परेशान है. महिला की मौत से उसके दोनों बच्चों का रो–रो कर पूरा हाल है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है.मगर महिला की मौत अनसुलझी गुत्थी बन गई है.

# रमजान को लेकर नगर निगम ने किये पुख्ता इन्तिजाम-चाक चौबंद इंतिजामों का महापौर नगर आयुक्त ने किया वादा

## नगर निगम ने पुलिस जिला प्रशासन के सहयोग के लिए थाना वाइज बनाये 4 सेक्टर-4 जोनल अधिकारी होंगे सेक्टर प्रभारी

रमजान की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने रमजान के दौरान शहर में साफ–सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए।अपर नगर आयुक्त ने बताया कि रमजान के दौरान रात में कचरा उठाने की व्यवस्था के लिए 30 अतिरिक्त टेम्पो लगाए जाएंगे। इससे शहर में साफ–सफाई की स्थिति में सुधार होगा और लोगों को स्वच्छ वातावरण में रहने का अवसर मिलेगा।इसके अलावा, अर्बन कंपनी ने रमजान के लिए 30 दिनों में एक विशेष रोड मैप तैयार किया है। इस रोड मैप में शहर में साफ–सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है।अपर नगर आयुक्त ने बताया कि रमजान के दौरान 11 बजे के बाद सड़क पर कचरा डालना प्रतिबंधित होगा। नगर निगम द्वारा सायं की पारी में अतिरिक्त सफाई की विशेष व्यवस्था कराने के लिये रमजान के अवसर पर परंपरागत पढ़ी जाने वाली नमाज तराबी के बाद मुख्य बाजारो व धार्मिक स्थलों से कचरा उठाने के लिये 10 अति.




रिक्त ट्रैक्टर 30 फॉगिग 20 स्पै मशीन व 30 टेंपो टिपर को लगाया गया है। सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश और लीकेज आदि की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के लिये नगर निगम कंट्रोल रूम 7500441344 को 24 घंटे कार्यशील रखा गया है। रमजान में किसी भी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के बाधित होने अथवा विद्युत बाधा होने पर नगर निगम जलकल प्रागंण में 25 टैंकर पेयजल आपूर्ति के लिये हर समय तैयार रहेगें।अपर नगर आयुक्त ने कहा, ष्नगर निगम रमजान के दौरान शहर में साफ–सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमने विशेष रणनीति तैयार की है और आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में रहने का अवसर मिले। बैठक में सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह अधिशासी अभियंता बिजेंद्र पाल सिंह प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी प्रभारी स्ट्रीट लाइट संजय कुमार अर्बन कंपनी हैड एहसान सैफी, मीडिया सहायक अहसान रब, स्टेनो तरुण पाठक व सभी एसएफआई मौजूद थे।

# सिविल सर्विस मार्गदर्शिका के 140 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की यूपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा

अलीगढ़ : 28 फरवरी को जारी यूपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में जिले के मालवीय पुस्तकालय में निःशुल्क संचालित सिविल सर्विस मार्गद. र्शिका ने अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। सिविल सर्विस मार्गदर्शिका के 140 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर परचम लहराया है। डा0 पंकज कुमार वर्मा एडीएम वित्त द्वारा अवगत कराया गया की कोई भी अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा की तैयारी–करने के लिए हमसे मार्गदर्शन प्राप्त सकते हैं। मुख्य परीक्षा के लिए निःशुल्क टेस्ट सीरीज मालवीय पुस्तकालय में संच. ालित सिविल सर्विस मार्गदर्शिका में चल रही हैं जिसका लाभ उठा सकते हैं।विदित रहे कि वर्ष 2018 में तत्कालीन एसडीएम डा0 पंकज कुमार वर्मा वर्तमान में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महारा. जगंज द्वारा सिविल सर्विस मार्गदर्शिका का निःशुल्क संचालन निरन्तर उनके मार्गदर्शन में मालवीय पुस्तकालय में किया जा रहा है। डा0 पंकज कुमार वर्मा द्वारा समय



समय पर आकर व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया जाता है। प्रारम्भिक परीक्षा–2024 की तैयारी करने के लिए इस बार डी०ए०वी० इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भी अपना सहयोग प्रदान किया तथा कुछ मॉक टेस्ट पेपर डी०ए०वी० इण्टर कॉलेज में भी कराये गये जिसका प्रभाव परीक्षा के परिणाम में भी परिलिक्षित हुआ है।मालवीय पुस्तकालय के सचिव एच–वी माथुर ने सभी सफल अभ्याथियों को बधाई देते हुए उन्हें और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। रिंकू सहयोगी और राजवीर सिंह (अपर सांख्यिकीय अधिकारी) द्वारा बताया गया कि सिविल सर्विस मार्गदर्शिका लगातार अपने आयाम स्थापित कर रही है और इस वर्ष जो परिणाम आया उसने जनपद अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है, क्योकि संसाधन विहीन लोगों के साथ मेहनत की जाए तो उसके परिणाम अच्छे ही प्राप्त होते हैं। उन्होने सभी चयनित अभ्याथियों के लिये बधाई देते हुए आव्हान किया कि वह मुख्य परीक्षा हेतु कड़ी मेहनत करते रहें।

# मण्डलायुक्त ने अतरौली सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण कर शिकायतों का कराया निस्तारण

अलीगढ़रू आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा तहसील अत. रौली के एनैक्सी सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण कर शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को परखा गया। इस मौके पर उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुन उनका गुणवत्तापरक निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को संदर्भित कर ससमय निस्. तारण के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त के कई प्रकरण ऐसे आए जिनमें न्यायालयों में वाद लम्बित हैं, ऐसे प्रकरणों में उन्होंने फरियादियों से अपील करते हुए कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों को सम्पूर्ण समाधान दिवस के पटल पर न लाएं ताकि अन्य फरियादियों व अधिकारियों का समय प्रभावित न हो।सम्पूर्ण समाधान दिवस में नई तहसील क्षेत्र निवासी कलियान सिंह ने खेतों में गटर के गंदे पानी राके जाने की शिकायत के फर्जी निस्तारण के बारे में कहा कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दिया गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने नायब तहस. ीलदार को स्वयं मौके पर पहुॅच शिकायत निस्तारण के निर्देश दिए। ब्लॉक गंगीरी के ग्राम दहेली निवासी जुगेन्द्र सिंह ने विपक्षीगणों द्वारा चकरोड को खेत में मिलाने की शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर राजस्व निरीक्षक छर्रा एवं एसएचओ छर्रा को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गए। जल





जीवन मिशन में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्राटेक के राजेन्द्र प्रसाद धाकड़ ने बताया कि बिजौली के अलीपुर सीसई ग्राम में योजना के तहत चिन्हित भूमि पर कार्य आरम्भ कर दिया गया परन्तु अब ग्रामीणों के रास्ता अवरूद्ध करने के कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर कमिश्नर ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुॅच स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ब्लॉक अत. रौली के ग्राम कासिमपुर–गदाईपुर निवासी भगवंत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी वर्ष 2021 से वृद्धावस्था पेंशन आ रही थी जिसमें वर्ष 2024 में उसे मृत दर्शाकर पेंशन रोक दी गई। इस पर मण्डलायुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारियों को प्राथमिकता से प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में इसके साथ ही चकरोड एवं चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जे, विद्युत लाइन स्थानान्तरण, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, प्रधानमंत्री आवास, पेड़ कटान की अनुमति, विद्यालय की फर्जी मान्यता समेत अन्य प्रकरण प्राप्त हुए जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयावधि में शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। मौके पर 40 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से राजस्व की 12, विकास की 08, पुलिस की 10, विद्युत की 05, नगर पालिका व आपूर्ति विभाग की 02–02 शिकायतें शामिल रहीं।सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी संजीव सुमन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसडीएम साहिल कुमार, तहसीलदार रामगोपाल वर्मा, बीडीओ अत. रौली वेदप्रकाश, बीडीओ गंगीरी स्मृति सिंह, सीओ अतरौली सर्जना सिंह, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत अन्य जिला, तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# 02 मार्च को मण्डल के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

अलीगढ़ उप श्रम आयुक्त सियाराम ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कक्षा–06 में 140 सीटों (70 बालक व 70 बालिकाओं) एवं कक्षा–09 में 140 सीटों (70 बालक व 70 बालिकाओं) पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए मण्डल के सभी जिलों अलीगढ़, हाथरस, एटा व कासगंज की प्रवेश परीक्षा की श्शमण्डल स्तरीय अनुश्रवण समितिश्श द्वारा 02 मार्च को नियत है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए मण्डल के सभी जिलों में मुख्य विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनके पर्यवेक्षण में प्रवेश परीक्षा सम्पन होगी। उन्होंने प्रवेश परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की जानक. ारी देते हुए बताया कि अलीगढ़ में कक्षा 06 के लिए 259 व कक्षा 09 के लिए 198 कुल 457, एटा में कक्षा 06 के लिए 173 व कक्षा 09 के लिए 116 कुल 289, हा. थरस में कक्षा 06 के लिए 226 व कक्षा 09 के लिए 152 कुल 378, कासगंज में कक्षा 06 के लिए 142 व कक्षा 09 के लिए 73 कुल 215 परीक्षार्थी शामिल हैं। इस प्रकार मण्डल में कक्षा 06 में 800, कक्षा 09 में 539 समेत 1339 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज अलीगढ़, क्रिश्चियन एग्रीकल्चर इण्टर कालेज, आगरा रोड, एटा, पी0बी0एस0 इण्टर कॉलेज बागला कॉलेज मार्ग, हाथरस, एवं राजकीय बा. लिका इण्टर कॉलेज, तहसील रोड कासगंज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।. उन्होंने बताया कि कक्षा–06 के विधार्थियों के लिए प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक, कक्षा–09 के विधार्थियों के लिए प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे तक परीक्षा समय निर्धारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा–09 के विधार्थियों को आधे घण्टे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा और किसी भी विकलांग परीक्षार्थी को 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

# महान संगीत सम्राट रविन्द्र जैन को जन्मदिवस पर किया याद




क्या किसी दृश्य को देखे बिना उसका चित्रण संभव है? जवाब ना में ही मिलेगा। लेकिन प्रसिद्ध संगीत व गीतकार रवींद्र जैन ने बिना देखे ही जो लिखा और गाया उसका पूरा देश दीवाना हो गया। आज ही के दिन यानि की 28 फरवरी को रवींद्र जैन का जन्म हुआ था। श्री दिगम्बर जैन महासमिति एवं पंडित इंद्रमणि जैन स्मारक वाटिका समिति के संयुक्त तत्वावधान में उनके जन्मदिवस पर गांधी पार्क स्थित पंडित इंद्रमणि जैन स्मारक वाटिका पर लाइट एवं साउंड के माध्यम से उनके गाए हुए गीतों का प्रसारण कर याद किया। उससे पूर्व उनके चित्र पर डॉ मानवेंद्र प्रताप सिंह एमएलसी,जगवीर किशोर जैन पूर्व एमएलसी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद एवं नमन किया ।रवींद्र जैन एक ऐसा नाम था, जिसने गीतकार, संगीतकार और गायक के तौर पर हिंदी सिनेमा को बेशुमार सदाबहार गानों को दिया। वह जन्म से ही नेत्रहीन थे। संगीत के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल करने वाले रविन्द्र जैन को वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 'पद्मश्री' सम्मान से नवाजा। इस मौके पर राजीव जैन ,पंकज धीरज,मनोज जैन,सुरजीत जैन ,यतीश जैन ,सौरभ जैन पांड्या,शरद जैन,युवराज मणि जैन ,जिनविजय जैन ,विशाल जैन ,मुकेश जैनअनुपम जैन उपस्थित रहे।

# सिविल सर्विस मार्गदर्शिका के 140 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण की यूपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा

अलीगढ़ 28 फरवरी को जारी यूपीपीएससी 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में जिले के मालवीय पुस्तकालय में निःशुल्क संचालित सिविल सर्विस मार्गदर्शिका ने अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। सिविल सर्विस मार्गदर्शिका के 140 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर परचम लहराया है। डा0 पंकज कुमार वर्मा एडीएम वित्त द्वारा अवगत कराया गया की कोई भी अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा की तैयारी–करने के लिए हमसे मार्गदर्शन प्राप्त सकते हैं। मुख्य परीक्षा के लिए निःशुल्क टेस्ट सीरीज मालवीय पुस्तकालय में संचालित सिविल सर्विस मार्गदर्शिका में चल रही हैं जिसका लाभ उठा सकते हैं।विदित रहे कि वर्ष 2018 में तत्कालीन एसडीएम डा0 पंकज कुमार वर्मा वर्तमान में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महाराजगंज द्वारा सिविल सर्विस मार्गदर्शिका का निःशुल्क संचालन निरन्तर उनके मार्गदर्शन में मालवीय पुस्तकालय में किया जा रहा है। डा0 पंकज कुमार वर्मा द्वारा समय समय पर आकर व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया जाता है। प्रारम्भिक परीक्षा–2024 की तैयारी करने के लिए इस बार डी०ए०वी० इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भी अपना सहयोग प्रदान किया तथा कुछ मॉक टेस्ट पेपर डी०ए०वी० इण्टर कॉलेज में भी कराये गये जिसका प्रभाव परीक्षा के परिणाम में भी परिलिक्षित हुआ है।मालवीय पुस्तकालय के सचिव एच–वी माथुर ने सभी सफल अभ्याथियों को बधाई देते हुए उन्हें और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। रिंकू सहयोगी और राजवीर सिंह (अपर सांख्यिकीय अधिकारी) द्वारा बताया गया कि सिविल सर्विस मार्गदर्शिका लगातार अपने आयाम स्थापित कर रही है और इस वर्ष जो परिणाम आया उसने जनपद अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है, क्योकि संसाधन विहीन लोगों के साथ मेहनत की जाए तो उसके परिणाम अच्छे ही प्राप्त होते हैं। उन्होने सभी चयनित अभ्याथियों के लिये बधाई देते हुए आव्हान किया कि वह मुख्य परीक्षा हेतु कड़ी मेहनत करते रहें।

# अलीगढ़ से लखनऊ उड़ान, जुलाई तक करना होगा इंतजार




अलीगढ़ से लखनऊ के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली फ्लाई विंग एयरलाइन की फ्लाइट को स्थगित कर दिया गया था। 15 फरवरी 2025 से फ्लाइट शुरू होनी थी, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर काम शुरू हो गया।अलीगढ़ से लखनऊ तक हवाई यात्रा की चाहत रखने वालों को अभी 15 जुलाई तक और इंतजार करना होगा। 15 जुलाई तक अलीगढ़–लखनऊ के बीच चलने वाली फ्लाइट शुरू नहीं होगी, क्योंकि लखनऊ एयरपोर्ट के रनवे पर रिकारपेटिंग का काम चल रहा है। इसके चलते यहां से उड़ने वाली फ्लाइट वहां लैंड नहीं हो पा रही है।पिछले वर्ष 24 दिसंबर को कोहरे का हवाला देते हुए अलीगढ़ से लखनऊ के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली फ्लाई विंग एयरलाइन की फ्लाइट को स्थगित कर दिया गया था। 15 फरवरी 2025 से फ्लाइट शुरू होनी थी, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट पर काम शुरू हो गया। फ्लाई विंग एयरलाइन के विशाल गर्ग कहते हैं कि अभी यहां की फ्लाइटें भोपाल–खजुराहो और भोपाल–रीवा रूट पर चल रही हैं।अलीगढ़ एयरपोर्ट पर संचालित हो रहे फ्लाइंग क्लब पॉयनियर के बेड़े में दो नए एयरक्राफ्ट डायमंड डीए–40 शामिल हो गए हैं। यह चार सीटर सिंगल इंजन एयरक्राफ्ट ऑस्ट्रिया में बने हुए हैं। इनकी कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# इलॉन मस्क 14वें बच्चे के पिता बने पार्टनर

## शिवॉन जिलिस के साथ चौथा बच्चाय इन्हें लेकर पीएम मोदी से मिलने पहुंचे थे

इलॉन मस्क 14वें बच्चे के पिता बन गए हैं। उनकी कंपनी न्यूरालिंक की एग्जीक्यूटिव शिवॉन जिलिस इस बच्चे की मां हैं। बच्चे को सेल्डन लाइकर्गस नाम दिया गया है।शिवॉन जिलिस ने शुक्रवार को बच्चे के जन्म की जानकारी ग पर दी। उन्होंने लिखा कि इलॉन से बातचीत करने के बाद हमने महसूस किया कि हमारे अद्भुत और अविश्वसनीय बेटे के बारे में जानकारी शेयर करना बेहतर होगा। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि बेटे का जन्म कब हुआ है।शिवॉन ने लिखा,वह एक शक्तिशाली योद्धा की तरह मजबूत है, और उसका दिल सोने जैसा निर्मल है। हम उसे बहुत प्यार करते हैं। शिवॉन और मस्क के पहले से 3 बच्चे हैं। इनमें दो जुड़वां बच्चे– स्ट्राइडर और एज्योर और बेटी अर्कािडया हैं। नवंबर 2021 में मस्क और जिलिस ने खुलासा किया कि उनके घर जुड़वां बच्चों स्ट्राइडर और एज्योर का जन्म हुआ है। वहीं, बेटी अर्कािडया का जन्म पिछले साल हुआ है। बीते दिनों अमेरिकी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और राइटर एश्ले सेंट क्लेयर ने दावा किया था कि वे टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क के बेटे की मां हैं। क्लेयर ने कहा कि उसने 5 महीने पहले सीक्रेट तौर पर इस बच्चे को जन्म दिया है, लेकिन सेफ्टी और प्राइवेसी के चलते पहले इसकी




घोषणा नहीं की।क्लेयर का दावा सही है तो यह मस्क का 13वां बच्चा होगा। मस्क की 3 महिला पार्टनर से 12 संतानें हैं। इलॉन मस्क ने अभी तक इस दावे पर कोई बयान नहीं दिया है। मस्क फिलहाल न्यूरालिंक की मैनेजर शिवॉन जिलिसल के साथ रिलेशन हैं। दोनों के तीन बच्चे हैं। वो पिछले साल ही 12वें बच्चे के पिता बने थे।मस्क ने सबसे पहले साल 2000 में एक कनाडाई ऑथर जस्टिन विल्सन से शादी की थी। उनके पहले बेटे नेवाडा का जन्म 2002 में हुआ था, जब वे दस हफ्ते का था तो इंफेंट डेथ सिंड्रोम से उसकी मौत हो गई थी। 2008 में विल्सन से उनका तलाक हो गया।इलॉन ने 2010 में ब्रिटिश स्टार तालुलाह रिले से शादी की थी। हालांकि, 2012 में तलाक हो गया। इसके बाद उन्होंने फिर से आपस में शादी कर ली। दिसंबर 2014 में तालुलाह ने दूसरी बार तलाक की अर्जी दायर की, लेकिन अगले साल इसे वापस ले लिया। मार्च 2016 में तालुलाह ने तीसरी बार तलाक अर्जी दायर की और तलाक ले लिया। कपल का कोई बच्चा नहीं है।मस्क का मानना है कि दुनिया इस समय कम जनसंख्या के संकट का सामना कर रही है और अच्छे फ्फ वाले लोगों को बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने 2021 में कहा था कि अगर लोग ज्यादा बच्चे पैदा नहीं करेंगे, तो हमारी सभ्यता खत्म हो जाएगी।

## 14 घंटे तक शव के बगल में बैठ कर कपल ने की यात्रा

कतर एयरवेज ने 14 घंटे की यात्रा के दौरान कपल यात्री को एक मृत यात्री के शव के बगल में बैठाने के फैसले का बचाव किया है. एयरवेज ने कहा कि विमान में मौजूद क्रू सदस्यों ने मामले में तुरंत, सही और प्रोफेशनल तरीके से काम किया. बीबीसी को दिए बयान में कतर एयरवेज ने कहा, "एक आंतरिक समीक्षा में पाया गया कि यात्रा के दौरान एक महिला यात्री की मौत के मामले को क्रू के सदस्यों ने उनकी प्रशिक्षण और इंडस्ट्री के मानकों के अनुसार सही था." इसके अलावा एयरलाइन ने आगे कहा कि उन्होंने मृतक यात्री के परिवार और इस घटना के सीधे प्रभावित होने वाले अन्य यात्रियों को सपोर्ट और मुआवजा देने के घोषणा की है.अपने बयान में कतर एयरवेज ने क्या कहा?कतर एयरवेज ने बीबीसी को दिए बयान में कहा, "फ्लाइट में हुई इस घटना के बाद सभी यात्रियों को दूसरी सीटों पर बैठाया गया और एक क्रू मेंबर दोहा में फ्लाइट के लैंड होने तक उस मृत यात्री के बगल में बैठा रहा." बयान में आगे कहा गया, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई है कि पूरे एविएशन इंडस्ट्री में कभी–कभी उड़ान के दौरान किसी यात्री की मौत हो जाती है. ऐसे में




हमारे क्रू मेंबर्स को ऐसी परिस्थितियों को पूरे सम्मान के साथ संभालने का पूरा प्रशिक्षण दिया जाता है."यात्री कपल के आरोप के बाद एयरवेज ने जारी किया बयानउल्लेखनीय है कि कतर एयरवेज की ओर से यह बयान तब जारी किया गया जब एक यात्री कपल ने ऑस्ट्रेलिया के चौनल 9 को बताया कि वे मेलबर्न से दोहा तक की उड़ान के दौरान मिले इस अनुभव से सदमे में हैं. यात्री कपल मिशेल रिंग और जेनिफर कोलिन ने चौनल को बताया कि 14 घंटे की यात्रा के आखिरी 4 घंटे के दौरान केबिन क्रू ने मृतक महिला के शव को कंबल से ढककर मिस्टर रिंग के बगल में रख दिया था.चौनल से बात करते हुए मिशेल रिंग ने बताया कि विमान के क्रू मेंबर्स ने उनसे कहा था कि वह थोड़ी जगह दें और उसके बाद उन्होंने उस महिला के शव को उसी सीट पर बैठा दिया जिसपर वह बैठे हुए थे. उन्होंने कहा कि एक अन्य यात्री ने उनकी पत्नी को अपने बगल में बैठने के लिए कहा. हालांकि, उन्होंने कहा कि विमान में कई सीटों के खाली के बावजूद प्लेन के स्टाफ ने उन्हें किसी अन्य सीट पर बैठने के लिए नहीं पूछा.जेनिफर कोलिन ने कहा, "हम पूरी तरह से ये बात समझते हैं कि हम उस महिला के मौत के लिए एयरलाइन को जिम्मेदार नहीं बता सकते, लेकिन ऐसी घटना के बाद प्लेन में मौजूद अन्य यात्रियों पर ध्यान के लिए एक प्रोटोकॉल होना चाहिए."

## प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग अध्यक्ष की बैठक, चीन की सैन्य ताकत पर सतर्कता, सुरक्षा क्षेत्र में नया कदम

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार (28 फरवरी) को एक नई सुरक्षा और रक्षा साझेदारी पर काम करने का फैसला लिया है. ये साझेदारी विशेष रूप से क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के मद्देनजर अहम मानी जा रही है. दोनों पक्षों ने स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की जो वैश्विक कानून और संप्रभुता के सम्मान पर आधारित होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच हुई वार्ता में भारत–यूरोपीय संघ के रक्षा और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर प्रमुख चर्चा हुई. इस बैठक से पहले वॉन डेर लेयेन ने एक श्थिंक टैंकश को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित सुरक्षा और रक्षा साझेदारी से सीमा पार आतंकवाद और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों जैसे साझा खतरों से निपटने में मदद मिलेगी.वॉन डेर लेयेन ने भारत के साथ सुरक्षा साझेदारी के महत्व को बतायावॉन डेर लेयेन ने इस नई साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सुरक्षा अब भारत के साथ उनकी नयी रणनीतिक साझेदारी का मुख्य हिस्सा होना चाहिए. उन्होंने बताया कि भारत के साथ भविष्य की सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया जा रहा है जैसा कि जापान और दक्षिण कोरिया के साथ किया गया था. इस साझेदारी से साझा खतरों का मुकाबला किया जा सकेगा जिसमें सीमा पार आतंकवाद, समुद्री सुरक्षा, साइबर हमले और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले शामिल हैं.भारत–ईयू सहयोग का बढ़ता दायरावार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग को ''पारस्परिक विश्वास'' का प्रतीक बताया. उन्होंने ये भी कहा कि दोनों पक्ष मिलकर साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद–रोधी अभियानों में सहयोग को बढ़ावा देंगे. मोदी ने ये भी कहा कि वे हिंद–प्रशांत क्षेत्र और अफ्रीका में सतत और समावेशी विकास के लिए त्रिकोणीय विकास प्रोजेक्ट्स पर काम करेंगे.भारत और यूरोपीय संघ के नेताओं के संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष अफ्रीका और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में त्रिपक्षीय सहयोग की संभावना पर विचार करेंगे. इसके अलावा दोनों नेताओं ने भारतीय नौसेना और यूरोपीय संघ की समुद्री सुरक्षा संस्थाओं के बीच संयुक्त अभ्यास और सहयोग पर संतोष व्यक्त किया. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और रक्षा साझेदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की और समुद्री सुरक्षा के लिए पारंपरिक और गैर–पारंपरिक खतरों से निपटने की प्रतिबद्धता जताई.यूक्रेन संकट और पश्चिम एशिया पर विचारदोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर भी विचार–विमर्श किया. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान के आधार पर यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए समर्थन व्यक्त किया. इसके अलावा इजराइल और फिलिस्तीन के मुद्दे पर द्वि–राष्ट्र समाधान की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जताई. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने 'थिंक टैंक' में अपने संबोधन में भारत और यूरोपीय संघ के रक्षा क्षेत्र में नए सहयोग के अवसरों पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि भारत अपनी सैन्य आपूर्ति में विविधता लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और दोनों पक्ष मिलकर साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में काम कर सकते हैं. इसके अलावा ये साझेदारी केवल सुरक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि दोनों देशों की आर्थिक सुरक्षा और समृद्धि को भी मजबूत करेगी.हिंद–प्रशांत में समुद्री संपर्क बढ़ाने पर जोर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने यूरोपीय संघ के रक्षा एवं अंतरिक्ष आयुक्त एंड्रियस कुबिलियस के साथ भारत–यूरा.`पीय संघ द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की. मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने हिंद–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री संपर्क बढ़ाने और सूचना साझा करने पर ध्यान केंद्रित किया. इसके अलावा यूरोपीय रक्षा कंपनियों की भारतीय परियोजनाओं में भागीदारी और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर भी विचार–विमर्श किया गया.

## रमजान से पहले धमाके से दहला पाकिस्तान! खैबर पख्तूनख्वा की मस्जिद में बम ब्लास्ट, 5 की मौत



रमजान के पवित्र महीने से उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में ता. लिबान समर्थक एक मस्जिद में विस्फोट हुआ. जामिया हक्कानिया मदरसे में हुए बम विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. इलाके में इमरजेंसी लगाई गईन्यूज एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल रशीद ने बताया कि यह विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अककोरा खट्टक जिले में हुआ. उन्होंने बताया कि अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं और साथ ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है. अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. यह विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में जुमे की नमाज के दौरान हुआ. डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने इस इलाके में इमरजेंसी की घोषणा कर दी है. पुलिस नेआत्मघाती विस्फोट बतायाजामिया हक्कानिया मदरसे के भीतर जहां यह विस्फोट हुआ, उस परिसर में लगभग 4,000 छात्र रहते हैं, जिन्हें निःशुल्क भोजन और शिक्षा दी जाती है. पाकिस्तानी समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक केपी के आ. ईजी जुल्फिकार हमीद ने कहा कि शुरुआती जांच के अनुसार यह एक आत्मघाती विस्फोट मालूम होता है. उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मौलाना हमीदुल हक हक्कानी निशाने पर थे.पाकिस्तान सरकार ने घटना की निंदा की पाकिस्तान सरकार के आंतरिक मंत्री मो. हसिन नकवी ने एक्स पर पोस्ट कर इस घटना की निंदा की. उन्होंने कहा, ष्दुश्मन देश पाकिस्तान में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रच रहा है. हम दुश्मन की हर साजिश को नाकाम कर देंगे. हम मृतकों के परिवार वालों के साथ खड़े हैं. पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि इस तरह के कायरतापूर्ण कार्य आतंकवाद के खिलाफ हमारे संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते. उन्होंने कहा कि हम देश से आतंकवाद के सभी रूपों को पूरी तरह से मिटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## आगरा सुसाइड केस में मृतक मानव शर्मा की बहन ने खोले कई राज

पत्नी के साथ तनावपूर्ण संबंधों के कारण आगरा के मानव शर्मा नाम के शख्स ने आत्महत्या कर ली. मानव शर्मा ने आत्महत्या किन किन कारणों और परिस्थितियों में की इसको लेकर अब उसकी बहन आकांक्षा शर्मा ने खुलासा किया. आकांक्षा ने बताया कि मानव को अपनी पत्नी के अफेयर्स के बारे में पता चल चुका था, इसके बाद वह तलाक की अर्जी देने वाला था. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आकांक्षा शर्मा ने खुलासा करते हुए कहा, "मानव शादी टूटने और तलाक को लेकर कानूनी बाधाओं के चलते बहुत परेशान चल रहा था. इसी साल जनवरी में उसे अपनी पत्नी के अफेयर्स के बारे में पता चला, जिसके बाद वह आपसी सहमति के बाद तलाक की अर्जी देने वाला था, लेकिन उसे ये कहा गया कि तलाक आसान नहीं होता. वह निकिता के अफेयर्स के कारण नहीं मारा बल्कि उसे ऐसा एहसास दिलाया गया कि तलाक आसान नहीं है और सभी कानून महिलाओं के पक्ष में होते हैं."'शादीशुदा मर्दों को फंसाती थी निकिता और उसकी बहनें'आकांक्षा ने बताया, "प्रिया नाम की एक महिला ने मानव को उसकी पत्नी निकिता और उसकी दो बहनों के बारे में बताया था. प्रिया ने आरोप लगाया कि तीनों बहनें शादीशुदा पुरुषों को अपने जाल में फंसाती है और उनकी जिंदगी बर्बाद कर देती है. यह बात पता लगने के बाद मानव ने जनवरी में भी आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन माता–पिता ने मुंबई आकर दोनों को इस मामले को सही ढंग से सुलझाने के लिए राजी किया, जिसके बाद वो बच गया. आकांक्षा ने बताया कि दोनों ने आपसी सहमति के बाद तलाक के लिए अर्जी दाखिल करने का फैसला कर लिया था." मानव को धमकाया भी गया थाआकांक्षा नहीं यह भी बताया कि मानव को धमकाया गया था कि यदि वह निकिता से अलग होने की कोशिश करता है तो उसके घर वालों को बहुत पछताना पड़ेगा क्योंकि कानून व्यवस्था महिलाओं के पक्ष में है. इसके बाद मानव और उसकी पत्नी निकिता 23 फरवरी को मुंबई से आगरा लौटे और अगली सुबह तलाक के लिए वकील से मिलने वाले थे. वकील से मिलने से पहले निकिता के परिवार से मिला था मानववकील से मिलने से पहले निकिता मानव को आगरा के बरहान लेकर गई थी, जहां उसके माता–पिता रहते हैं. आकांक्षा के मुताबिक, वहां भी मानव को धमकाया गया था और चेतावनी दी गई थी कि तलाक लेना एक आदमी के लिए बेहद मुश्किल होता है. मौत से एक दिन पहले मानव ने अपने पिता को बताया था कि निकिता ने बार–बार कहा है कि तलाक लेना उसके लिए बहुत मुश्किल होगा. 'बहुत सेंसिटिव था मानव'वहीं निकिता से जब यह पूछा गया कि क्या मानव उसे पीटता था? जवाब में निकिता ने कहा कि मानव बहुत ही सेंसिटिव था, वह एक कलाकार था, जिसे पेंटिंग करना और गिटार बजाना पसंद था. वह कभी किसी को चोट नहीं पहुंचा सकता था. जो शख्स खुद अपनी जान लेना चाहता है उसे पर दूसरों को चोट पहुंचाने का आप कैसे लगाया जा सकता है. 24 फरवरी को किया था सुसाइडआगरा के मानव शर्मा ने 24 फरवरी को अपनी पत्नी के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बाद आत्महत्या कर ली. जान लेने से पहले मानव ने अपनी पत्नी पर किसी और के साथ संबंध होने के आरोप लगाए थे और एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था. मानव के पिता की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन इसमें अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की की बहस के बाद दुनिया में मची हलचल,

व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की की हुई बहस ने दुनियाभर में हलचल मचा दी है. अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ जेलेंस्की की हुई बहस का रूस ने भी मजाक उड़ाया है और जेलेंस्की को बेईमान कहा है. वहीं, दुनिया के कई अन्य देश यूक्रेनी राष्ट्रपति के समर्थन में आ गए हैं.दरअसल, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की युद्ध में शांति स्थापित करने को लेकर चर्चा के लिए शुक्रवार (28 फरवरी) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए अमेरिका के व्हाइट हाउस पहुंचे. हालांकि, इस मुलाकात के दौरान जेलेंस्की रूस के साथ शांति समझौता करने के लिए तैयार नहीं हुए, जिसके बाद यूक्रेनी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच तीखी बहस हो गई और ट्रंप ने गुस्से में यूक्रेनी राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस के बाहर भेज दिया.ऑस्ट्रेलियन चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, "यूक्रेन के लोग पिछले 3 साल से अधिक समय से जारी रूसी हमलों से अपने देश की रक्षा कर रहे हैं. मैंने खुद युद्ध वाले इलाके का दौरा किया और देखा कि इस युद्ध में कितने बड़े बलिदान दिए गए. इसलिए हम इस युद्ध का अंत चाहते हैं."यूक्रेन पर हो रहे रूसी हमले को अवैध बताते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, "रूस ने अवैध तरीके से यूक्रेन पर हमला किया. वहीं. पिछले 3 साल से यूक्रेन के लोगों ने पूरी हिम्मत के साथ इस लड़ाई को लड़ा है. लोकतंत्र, आजादी और संप्रभुता के लिए उनकी लड़ाई हम सब के लिए भी मायने रखती है. कनाडा यूक्रेन और उसके लोगों के साथ शांति स्थापित करने के लिए हमेशा खड़ा रहेगा."स्लोवेनिया के राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर ने कहा, "हम यूक्रेन की संप्रभुता को बनाए रखने के लिए उनके समर्थन में खड़े हैं. हम फिर से इस बात को दोहराते हैं कि रूस हमलावर है. यूक्रेन में शांति बनाए रखने के लिए यूरोप को आगे आना चाहिए."रोमानिया के अंतरिम राष्ट्रपति इली बोलोजन ने कहा, "यूक्रेन की सुरक्षा यूरोप की सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण है. हमें हमारी आजादी और शांति के लिए एक साथ खड़ा होना होगा."वहीं, पोलैंड के पीएम ने कहा कि आप अकेले नहीं है.यूरोपियन कमिशन के अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लीयेन और यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष अंटोनियो कोस्टा ने एक संयुक्त पोस्ट में कहा, "आप कभी अकेले नहीं है. हम एक स्थायी शांति स्थापित करने के लिए हमेशा काम करते रहेंगे."

# कासगंज में शनिवार को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया



कासगंज में शनिवार को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसलें जमीन पर बिछ गई हैं। तम्बाकू के पत्ते फट गए हैं और मटर को भी भारी नुकसान पहुंचा है।स्थानीय किसान अशर्फी लाल और श्याम बाबू ने बताया कि रबी की फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। इस मौसम में गेहूं, सरसों, मटर, चना, लोबिया, तम्बाकू, जौ, मसूर, अलसी और सेम की फसलें लगाई जाती हैं। अक्टूबर–नवंबर में बोई गई ये फसलें मार्च–अप्रैल में काटी जाती हैं।मौसम की मार दोहरी पड़ी है। पहले बढ़ती गर्मी से उत्पादन घटने की आशंका थी, अब बारिश और ओलों ने बची–खुची उम्मीद भी तोड़ दी है। सरसों के दाने झड़ गए हैं और गेहूं की फसल तेज हवाओं से गिर गई है।किसानों की अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की उम्मीद है। वे चाहते हैं कि फसलों के नुकसान का जल्द आकलन हो और मुआवजा मिले, जिससे परिवार का भरण–पोषण कर सकें। कासगंज के मोहनपुरा कस्बा में प्रदेश की सबसे बड़ी मटर मंडी है। यहां से दिल्ली, आगरा, बरेली, कानपुर और अलीगढ़ जैसे शहरों में आपूर्ति होती है। फसलों के नुकसान से मटर और अन्य सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी की आशंका है।

## फर्नीचर व्यापारी ने खुद को मारी गोली, खतरे में जान

एटा। शहर के मोहल्ला अवंतीबाई नगर में एक फर्नीचर व्यापारी ने बृहस्पतिवार की देर रात घर पहुंचकर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर में गोली मार ली। गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज से अलीगढ़ रेफर किया गया है।अवंतीबाई नगर निवासी अमन ने बताया कि पिता अशोक कुमार बृहस्पतिवार की देर रात लगभग 11 बजे घर आए। वह मानसिक रूप से कुछ परेशान से लग रहे थे। जब तक हम लोग कुछ समझ पाते, वह अपने कमरे में चले गए और लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे तो देखा कि पिता खून से लथपथ पड़े हुए थे। जिसके बाद हम लोग घायल अवस्था में उनको मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया।अमन ने बताया कि पिता ने किसी को कुछ बताया ही नहीं कि क्या हुआ, क्या नहीं। सीधे कमरे में गए और गोली मार ली। फिलहाल अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार चल रहा है। कोतवाली नगर प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली थी, मौके पर गए तो घर में ताला पड़ा मिला। घायल के बेटे अमन से बात हुई लेकिन वह गोली लगने का कोई कारण नहीं बता सका।

## कासगंज जिले की कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य . क्षेत्र के गांव नगला जाटवान में एक दलित किशोरी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया

कासगंज जिले की कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव नगला जाटवान में एक दलित किशोरी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह 12 वर्षीय किशोरी का शव उसके घर में मिला। घटना के समय किशोरी के माता–पिता खेत पर गए हुए थे।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक की 15 वर्षीय बहन भी लापता हो गई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।मृतक किशोरी के पिता ने गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इन लोगों ने पहले उन्हें धमकी दी और फिर उनकी बेटी की हत्या कर दी। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मामले की गहन जांच कर रहे हैं।

## कासगंज: दलित किशोरी की हत्या कर चारपाई पर डाला शव...फिर बड़ी बहन को किया अगवा



कासगंज।संवावदाता इंद्रपाल राजपूत
अमांपुर कस्बे के मोहनपुर रोड पर स्थित एकता नगर में गुरुवार की देर शाम एक घर में चाय बनाते समय आग लगने से के बाद सिलिंडर फट गया। तेज धमाके से मुहल्ले में दहशत फैल गई। धमाका इतना तेज था कि मकान की दीवार तोड़कर सिलेंडर पार हो गया। मकान की छत व दीवारों में भी दरारें आ गई। चीख–पुकार पर घर में फंसे परिवार के लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला। सूचना पर आधा घंटे बाद पहुंची थाना पुलिस व दमकल ने आग पर काबू पाया। आग से घर में रखा सारा सामान जल गया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान परिवार के लोग बाहर आ गए थे। लेकिन उनका गृहस्थी का काफी सामान जल गया। अमांपुर कस्बे के एकता नगर निवासी अखंड प्रताप सिंह पुत्र ब्रह्मानंद के घर में गुरुवार की शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी सीमा गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी। इसी दौरान गैस सिलेंडर के लीक रेगुलेटर ने आग पकड़ ली। जिसे देख सीमा ने शोर मचाना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी। आग की लपटें देख परिजनों में हडकंप मच गया। मौके पर चीख–पुकार मच गई। मुहल्ले के लोग जब मौके पर पहुंचे। इससे पहले जोरदार तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे पूरे मुहल्ले में अफरा–तफरी मच गई। सिलेंडर फटने से मकान की दीवारें व लिटर भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घर में रखी 15 हजार रूपये की नकदी व फ्रीज, एलसीडी टीवी, लैपटॉप, अलमारी, डबल बेड, पंखा, रजाई, गद्दा, कपड़े जलकर राख हो गया। इस हादसे में परिवार के लोग चपेट में आने से बाल–बाल बचे।

## कासगंज : थाना गंजडुंडवारा कस्बे में पैसो का लालच देकर 6 साल की बच्ची से छेड़छाड व दुष्कर्म करने के का प्रयास

गंजडुंडवारा : थाना गंजडुंडवारा कस्बे में पैसो का लालच देकर 6 साल की बच्ची से छेड़छाड व दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी खेत में काम रही महिलाओ की ललकार को देखकर फरार हो गया। वह अपने मंसूबो पर कामयाब नहीं हो सका। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। आरोपी 24 घंटे बीत जाने के बावजूद भी पुलिस की पकड़ से फरार है।जानकारी के मुताबिक घटना कस्बे के कादरगंज रोड की है। कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाली 6 वर्षीय बच्ची कादरगंज रोड पर खाने को नान रोटी लेने गई हुई थी। नान रोटी ले वह वहां से चल दी। इसी दौरान पैसो का लालच देकर अज्ञात शख्स वहां से उसे कादरगंज रोड बस अड्डे के पास स्थित सुनसान इलाके में ले गया। जिसके बाद वह बच्ची से गलत कृत्य के प्रयास मे था। लेकिन तभी पास स्थित खेत मे काम कर रही महिलाओं ने उसे देख ललकार लगा दी। जिससे बच्ची को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद अन्य एक महिला द्वारा बच्ची को रोती बिलखती देख ढाढस बनाया,और सूचना 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा बच्ची से पूछताछ की गई और सूचना थाने को दी। पुलिस बच्ची को साथ लेकर कोतवाली आ गई। वहीं गलत कृत्य का प्रयास करने वाले आरोपी की तलाश मे जुट गई, जो कि अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है।मोहल्लावासियों के अनुसार 6 वर्षीय बच्ची की माता का देहान्त पूर्व मे ही हो चुका है। वहीं पिता भी ज्यादातर घर नहीं रहते हैं। बच्ची की एक 3 वर्षीय छोटी बहन भी है। दोनों बच्चीयो की देखरेख उनके बाबा के हवाले है। जो कि ठेला लगा जीविका चलाते है। घटना को लेकर सभी आक्रोशित है।कोतवाली प्रभारी गंजडुंडवारा विनोद कुमार ने बताया कि बच्ची के साथ छेड़छाड़ एवं गलत कृत्य का प्रयास किया गया था। पुलिस लगातार घटना को अंजाम देने बाली आरोपी की तलाश में जुटी है। जल्द गिरफ्तारी का प्रयास है। पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।.

## कासगंज जिले की कोतवाली सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव नगला जाटवान में एक दलित किशोरी की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया



कासगंज सिकंद्ररपुर वैश्य थाना क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाला सामने आया है। दलित परिवार की बड़ी बेटी को अगवा कर छोटी बेटी की हत्या कर दी। शव को चारपाई पर डालकर हत्यारे फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे एएसपी, सीओ, थानाध्यक्ष ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के आला अफसरों ने ग्रामीणों और परिजनों से जानकारी हासिल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। आरोप है कि गांव के लिए दो युवको ने हत्या कर बेटी को अगवा किया है। उन्होंने दो दिन पूर्व भी बेटी को उठा ले जाने की धमकी दी थी।सिकंद्ररपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव नगला हंसी के रहने वाले हैं भगवान सिंह, वह दलित परिवार से आते हैं। उनकी पांच बेटियां है, बेटा कोई नहीं है। शनिवार को भगवान सिंह और उनकी पत्नी गीतादेवी घर से छह किलोमीटर दूर खड़ी तंबाकू की फसल को देखने के लिए गए थे। घर में सिर्फ 12 वर्षीय संगम और 15 वर्षीय मनीषा दो बेटियां मौजूद थीं और दो बेटियां स्कूल गई हुईं थीं। जब खेत से लौटकर आए तो संगम चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। मनीषा गायब थी। संगम के शरीर पर चोट के निशान थे। उन्होंने बताया कि बेटी की हत्या कर आरोपी बड़ी बेटी का अपहरण कर ले गए हैं। मृतका के पिता भगवान सिंह ने बताया कि गांव के विशेष जाति के युवकों ने बेटी की हत्या की है और बड़ी बेटी को घर उठा कर ले गए। कुछ दिन पूर्व भी इसी तरह से उठाकर ले गए थे। गांव के लोगों ने बेटी को पंचायत कर बेटी को वापस दिलाया था।एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर एएसपी राजेश भारती, सीओ आरके पांडेए फॉरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण और परिजनों से घटना के बारे में जानकारी और टीम ने मौके से फोटोग्राफ और वीडियों ग्राफी के साथ साक्ष्यों को एकत्रित किया। टीम ने बताया कि एकत्रित किए गए साक्ष्यों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएंगा। लैब से रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आग्रिम कार्रवाई की जाएंगी।

## एटा जिले के रामपुर घनश्यामपुर गांव में एक परिवार के तेरहवीं कार्यक्रम में खूनी संघर्ष हो गया



एटा जिले के रामपुर घनश्यामपुर गांव में एक परिवार के तेरहवीं कार्यक्रम में खूनी संघर्ष हो गया। खाना ले जाने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि लाठी–डंडे चल गए।घटना में अमरदीप और उनकी बहन रवीना गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल खून से लथपथ कोतवाली देहात थाना पहुंचे। पुलिस ने तुरंत दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया और मामला दर्ज कर लिया।पीड़ित अमरदीप ने बताया कि उनकी दादी की तेरहवीं में दावत चल रही थी। इसी दौरान उनके चाचा खेतराम और उनके साथियों ने घेरकर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। खेतराम ने धारदार हथियार से अमरदीप के पेट पर वार भी किया।कोतवाली देहात के थाना प्रभारी आर.के. सिंह ने बताया कि परिवार के बीच हुए इस झगड़े की जांच की जा रही है। फिलहाल एनसीआर दर्ज कर ली गई है।

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिटिंगप्रेस,अचलताल
अलीगढ़ से मुद्रितकराकर
. कार्यालय सरोज नगर
गली नम्बर 5,अलीगढ़
से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल
व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो
संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौ:-8218049162,8273402499

## भांजी की होनी थी विदाई...सड़क पर खून से लथपथ मिली मामा की लाश, मातम में बदल गईं शादी की खुशियां



एटा के मिरहची क्षेत्र के गांव गढ़ौली में भांजी की शादी में शामिल होने आए मामा की सड़क हादसे में मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का अलीगढ़ में इलाज चल रहा है। हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।गांव गढ़ौली निवासी शंकरलाल ने बताया कि शनिवार की सुबह बेटी रिंकी के विवाह की रस्में चल रही थीं। विदाई होनी बाकी थी। घर में हर ओर खुशी का माहौल था, ढोलक की थाप पर मंगलगीत गाए जा रहे थे। उसी समय साला अजीरपाल (26) निवासी मोहल्ला मोरी थाना कस्बा सहावर जिला कासगंज बाइक से गांव के ही शिवकुमार के साथ बाजार गया था। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर घर में चीख–पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने अजीरपाल को मृत घोषित कर दिया। शिवकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर किया गया। अजीरपाल जयपुर में मुनीम का काम करता था। दो माह पूर्व हाथ में चोट लग जाने के कारण घर आ गया था और शुक्रवार की शाम भांजी की शादी में शामिल होने गढ़ौली आया था। अजीरपाल के फुफेरे भाई नरोत्तम ने बताया कि हेलमेट होता तो शायद उसकी जान बच जाती। बाइक सवार दोनों ही लोग हेलमेट नहीं लगाए थे। दुर्घटना में अजीरपाल का सिर डिवाइडर से टकराया इससे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। वहीं, शिवकुमार के सिर के साथ पैरों में भी गंभीर चोट लगी है।